भारत सेमीकंडक्टर पावरहाउस बनेगा

सेमीकॉन इंडिया

- तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया-2024 का समापन
- प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनियों के 20 से अधिक सीईओ शामिल हुए

ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया-2024 का शुक्रवार को समापन हो गया है। आखिरी दिन इस क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए सेमीकंडक्टर इक्विपमेंट एंड मैटेरियल इंटरनेशनल के अध्यक्ष एवं सीईओ अजीत मनोचा ने कहा कि भारत एशिया में अगला सेमीकंडक्टर पावरहाउस बनने की राह पर है। बता दें कि भारत में पहली बार आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2024 का आयोजन सेमी ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन और डिजिटल इंडिया के साथ किया था। भारत को वर्ष 2027 तक 25 से 30 लाख कुशल पेशेवरों की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

नई तकनीक के बारे में जानकारी का बड़ा मंच

इंडिया एक्सपो मार्ट में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित सेमीकॉन इंडिया-2024 सेमीकंडक्टर क्षेत्र से संबंधित नई तकनीक के बारे में जानकारी हासिल करने का बड़ा मंच साबित हुआ। एक छत के नीचे देश- विदेशी की तकनीक को समझने का अच्छा मौका देख नोएडा व ग्रेटर नोएडा के साथ दिल्ली के छात्र भी पहुंचे। सेमीकॉन इंडिया में आए दिल्ली आईआईटी के छात्रों ने बताया कि यहां उन्हें सेमीकंडक्टर के बारे में बहुत सी नई जानकारियां हासिल करने का मौका मिला।